PTCUL

# पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
## मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक—आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून—248002
दूरभाष नं0 0135—2645249 फैक्स नं0 0135—2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक 1498 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ई—डब्लू—4 दिनांक : 15 .09.2022

## कार्यालय परिपत्र

पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में कार्यरत सभी कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.09.2022, दिन शुक्रवार को आई0एम0ए0 ब्लड बैंक, चकराता रोड, देहरादून द्वारा पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" देहरादून में पूर्वाह्न 10:00 बजे से "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया है।

अतः पिटकुल में कार्यरत इच्छुक कार्मिकों से अनुरोध है कि **रक्तदान की महत्ता** के दृष्टिगत **दिनांक 16.09.2022, दिन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" निकट आई0एस0बी0टी0 क्रॉसिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून, के भूतल में सम्पन्न होने वाले उक्त "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**प्रबन्ध निदेशक**

**पत्रांकः 1498/मा0सं0एवंप्र0अनु0 / पिटकुल / जी—4 तद्दिनांक**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव / निजी सहायक / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, निदेशक (मा0सं0) / (वित्त) / (परिचालन) / (परियोजना), पिटकुल को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता / महाप्रबन्धक / समस्त अधीक्षण अभियन्ता / उपमहाप्रबन्धक / समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल ............. को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" में स्वयं प्रतिभाग करते हुये अपने अधीनस्थ कार्मिकों (संविदा कर्मियों सहित) को भी उक्त "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. अधिशासी अभियन्ता (मु0भु0इ0), पिटकुल, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" हेतु भूतल सम्मेलन कक्ष (Conference Room) में आवश्यक व्यवस्थाएं एवं आई0एम0ए0 ब्लड बैंक के सदस्यों हेतु जलपान / भोजन व्यवस्था करवाने का कष्ट करें।
5. अधिशासी अभियन्ता (सूचना प्रौद्योगिकी), पिटकुल, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त परिपत्र की प्रति कारपोरेशन की वैबसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित पत्रावली / सूचना पट्ट।

(अशोक कुमार जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0)(औ0)